भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

**राज्य सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1180
उत्तर देने की तारीख : 23 मार्च, 2012

## इंजीनियरिंग में प्रवेश हेतु एकल प्रवेश परीक्षा

**1180. सुश्री सुशीला तिरिया:**

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कई राज्य इंजीनियरिंग में प्रवेश हेतु एकल प्रवेश परीक्षा का विरोध कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

## उत्तर
## मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
## (डॉ0 डी. पुरंदेश्वरी)

(क) से (ग): जी, नहीं। इंजीनियरी संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रतिशतता फार्मूले के आधार पर राज्य बोर्ड के सामान्यीकृत परिणामों को समुचित महत्व देते हुए एक सामूहिक प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के प्रस्ताव पर 22 फरवरी, 2012 को आयोजित राज्य शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में राज्य मंत्रियों द्वारा "सिद्धांत रूप में" सहमति दी गई थी। यह राज्यों पर छोड़ दिया गया है कि वे, जैसा उचित समझें, विश्वविद्यालयों से संबद्ध इंजीनियरी संस्थाओं में प्रवेश के लिए राज्य बोर्ड के अंकों और राष्ट्रीय परीक्षा के अंकों को उपयुक्त महत्व देने वाली प्रवेश की इसी पद्धति को अपनाए अथवा अपनी वर्तमान प्रणाली को जारी रखें। तथापि, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, पुदुचेरी और पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों ने प्रस्ताव का अध्ययन करने के लिए और अधिक समय मांगा है।